
आज़ादी का अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक
# सूचना पत्र

(दिनांक 21.02.2022 से 27.02.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## ग्रामीण विकास विभाग की बैठक
(दिनांक 21.02.22)





**विषय: ग्रामीण विकास विभाग की बैठक।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर उनके कार्यों की समीक्षा की इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि विकास कार्यों के लिए ग्राम स्तरीय कमेटियों का गठन किया जाएगा ताकि जब सरपंच या अन्य जनप्रतिनिधि न हो तब भी विकास में लोगो की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके और उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उनसे सुझाव लेकर कार्य किया जा सके।

इसी के साथ मुख्यमंत्री जी ने कहा कि एचआरडीए के तहत गांवों में रिहायशी क्षेत्र विकसित किए जायँगे। मुख्यमंत्री जी ने आये हुए ग्रामीण विकास व पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों से की बजट पूर्व चर्चा भी की और उनसे ग्रामीण विकास को लेकर बजट के संबंध में सुझाव भी मांगे।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करने के लिए अधिकारी व जन प्रतिनिधि मिलकर काम करें ताकि इसके बेहतर परिणाम आएं। एक–एक पैसा जनता के काम आना चाहिए। जनता का संबंध सबसे पहले व्यवस्था की निचले स्तर की इकाई ग्राम पंचायत से होता है। ऐसे में हमें इस इकाई को सबसे मजबूत करने की आवष्यकता है। उन्होंने कहा कि इस नए बजट में हमें नया संकल्प लेने की जरुरत है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

ग्रामीण विकास को ध्यान में रखते हुए ही ग्राम दर्शन पोर्टल, हर गांव का विकास निधि पोर्टल बनाया है। ग्राम दर्शन पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण अपने गांव से जुड़ी समस्या को सरकार तक पहुंचा सकता है। इसके साथ–साथ ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने की ओर भी सोचने की आवष्यकता है। बहुत से विषयों के माध्यम से आय में बढ़ोतरी भी की जा सकती है। आज ग्राम पंचायतें अलग–अलग फीस जैसे पेट्रोल पंप, मोबाइल टावर और पंचायती जमीन का किराया वसूल कर आमदनी बढ़ा सकते हैं।

## आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा

(दिनांक 21.02.22)

**विषय: आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा।**




**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ राज्य सरकार की और से आयुष्मान भारत का लाभ दिए जाने के लिए बनाई जा रही योजना की समीक्षा की और सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वेरिफिकेशन के काम को जल्द से जल्द पूरा कर इस योजना को शुरू करें।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा के हर एक परिवार जिसकी सालाना आमदनी 1 लाख 80 हज़ार रुपये से कम है उन्हें आयुष्मान भारत योजना का लाभ हरियाणा सरकार की और से दिया जाएगा।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस योजना का दायरा बढ़ाने और जिन लोगो के नाम 2011 के सर्वे में शामिल नहीं है उन्हें इस योजना में शामिल करने के लिए वह केंद्र सरकार से भी बातचीत करेंगे ताकि ज्यादा से ज़्यादा लोगो तक इसका लाभ पहुँचाया जा सके।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को यह भी आदेश दिया कि वह मार्च 2022 तक इससे जुड़े सभी कार्यो को पूरा कर ले ताकि मार्च में लोगो के आयुष्मान कार्ड बनना प्रारंभ हो सके।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## कृषि विभाग हेतु बजट पूर्व चर्चा

(दिनांक 22.02.22)




**विषय: कृषि विभाग हेतु बजट पूर्व चर्चा।**

**प्रभाव:** हरियाणा के आने वाले बजट के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी स्वयं अलग अलग वर्गों से संवाद करके बजट पर उनके सुझाव ले रहे है इसी कड़ी मैं आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने कृषि के संबंध में किसानों, कृषि से जुड़े FPO और अन्य लोगों से चर्चा की और उनके सुझाव लिए।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कृषि और किसानों के लिए बजट को बेहतर बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है और वे किसानों के सुझावों को बजट में प्राथमिकता देंगे।

मुख्यमंत्री जी ने किसानों से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर सीधे चर्चा की और उन्हें विश्वास दिलाया कि बजट में उनके हितों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने बागवानी, पशुपालन, मछली पालन क्षेत्र से संबंधित किसानों, हित धारकों से से भी चर्चा की।

साथ ही मुख्यमंत्री जी ने यह भी कहा कि 3 एकड़ तक के किसानों को आयुष्मान योजना में भी शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी जनता के लिए और उनके अनुरूप बजट तैयार करने के उद्देश्य से लगातार बैठके कर लोगो से सीधा संवाद कर रहे है इस कड़ी में उन्होंने अन्य विभागों जैसे हेल्थ, शिक्षा, इंडस्ट्री आदि से भी विचार विमर्श किया है। साथ ही प्रदेश के सभी वर्गों और लोगो से भी आव्हान किया कि वे बजट से संबंधित अपने सुझाव उन्हें भेज सकते है। मुख्यमंत्री जी की यह अनूठी पहल है जिसमें न केवल पूरे राज्य के विभिन्न वर्गों से बल्कि विपक्ष के लोगो से भी बजट पर सुझाव लेकर एक जनहितैशी बजट तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है जो इससे पहले हरियाणा में कभी किसी वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री ने नहीं किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## वित्त भवन का शिलान्यास


(दिनांक 23.02.22)




**विषय: वित्त भवन का शिलान्यास।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज पंचकूला में बनने जा रहे हरियाणा वित्त भवन का शिलान्यास किया। यह भवन 80 करोड़ की लागत से बनेगा और 12 हजार सक्वेयर फीट में बनी वित्त भवन की बिल्डिंग पूरी तरह से ग्रीन बिल्डिंग होगी। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार का वित्त प्रबंधन सभी प्रांतों में सबसे अव्वल है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निजी, संस्थागत या सरकारी सभी संस्थाओं में वित्त प्रबंधन महत्वपूर्ण होता है। वित्त विभाग सरकार की रीढ़ की हड्डी होता है। जिसका भी वित्त प्रबंधन मजबूत होगा, वही सफलता की सीढ़ी चढ़ेगा। कोरोना काल में भले ही कम राजस्व की आमदनी हुई और 1500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च भी हुआ लेकिन फिर सरकार ने बेहतर वित्त प्रबंधन किया, जिसकी सराहना केंद्र सरकार ने भी की।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जनता का आह्वान किया कि जो व्यक्ति व संस्थान टैक्स देने में सक्ष्म हैं, उन्हें आगे आना चाहिए और जो पंक्ति में खड़ा अंतिम जरुरतमंद व्यक्ति है, उसे योजनाओं का लाभ अवष्य मिलना चाहिए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## “पदमा” कार्यक्रम की शुरुआत

(दिनांक 23.02.22)





**विषय: “पदमा” कार्यक्रम की शुरुआत।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज हरियाणा के लिए एक और अनूठी पहल की शुरुआत की और उसे नाम दिया ‘पदमा’। यह अपने आप में एक अनूठा कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य ब्लॉक स्तर पर सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को सहायता प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने में मदद करना है।

इस कार्यक्रम के तहत स्थानीय उत्पादों के प्रचार और युवाओं को नए उद्योग धंधों को स्थापित करने के लिए सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।


माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह हरियाणा सरकार का एक और महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट है। जिसकी आज पदमा के रूप में “प्रोग्राम टू एक्सलरेट डेवलपमेंट फॉर एमएसएमई एडवांसमेंट (पदमा)” वह शुरुआत कर रहे है। इस प्रोग्राम से न केवल हरियाणा के अपने उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा बल्कि उद्योगों को स्थानीय स्तर तक ले जाने और युवाओं को खुद के दम पर रोजगार उपलब्ध करवाने में भी मदद मिलेगी। इससे हरियाणा के आर्थिक विकास को एक नई गति मिलेगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## साहित्यकार सम्मान समारोह

(दिनांक 24.02.22)








**विषय: साहित्यकार सम्मान समारोह।**

**प्रभाव:** हरियाणा की विभिन्न साहित्यिक अकादमियों द्वारा दिए जाने वाले पुरुस्कारों को आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने चंडीगढ़ के टैगोर थियेटर में अनेक सम्मानित हस्तियों की उपस्थिति में प्रदान किए। साहित्य के इस पर्व पर चारों अकादमियों के 138 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सभी साहित्यकारों को आगे से एक समान फॉर्मूले से ही सम्मान राशि दी जाएगी जिससे किसी साहित्यक को ये ना लगे कि उनके योगदान को कम आंका जा रहा है या उनका सृजन किसी अन्य साहित्यकार से कम है। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने बाबू बालमुकंद गुप्त की हवेली पर एक सरकारी ई–लाइब्रेरी बनाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने संस्कृत, हिंदी, पंजाबी व उर्दू भाषा के साहित्यकारों को सम्मानित किया। यह सम्मान हरियाणा संस्कृत अकादमी, हरियाणा ग्रंथ अकादमी, हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी, हरियाणा उर्दू अकादमी के अंतर्गत दिए गए। उन्होंने कहा कि हरियाणा साहित्यकारों की भूमि रही है, यहां बाबू बालमुकंद गुप्त, हाली पानीपती, दादा लख्मीचंद और बाबा फरीद जैसे साहित्यकार जन्में हैं। इन साहित्यकारों की जन्मभूमि पर साहित्य की दृष्टि से काम करने की जरुरत है। इसी कड़ी में बाबू बालमुकंद गुप्त के पैतृक गांव रेवाड़ी के गुड़ियानी में उनकी हवेली पर एक सरकारी ई–लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इससे युवाओं को साहित्य पढ़ने का मौका मिलेगा। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बेशक आज का ये सम्मान समारोह साहित्यकारों के लिए है पर साहित्यकार होना अपने आप में एक सम्मान है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र


## विदेशों में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना

(दिनांक 24.02.22)



**विषय: विदेशों में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना।**

**प्रभाव:** लगातार युवाओं के उत्थान और उनके रोजगार के संबंध में कार्य करते हुए आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी और हरियाणा के विदेश विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर हरियाणा के युवाओं को विदेशों में रोज़गार के अवसर कैसे उपलब्ध हो सके इसे लेकर चर्चा की और योजना बनाने के संबंध में विचार विमर्श किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि आज दुनियां के अलग अलग देशों में अलग अलग क्षेत्रों में स्किल्ड लोगों की मांग बढ़ रही है उसे देखते हुए हम हरियाणा के अपने युवाओं को कैसे वहां रोजगार के अवसर उपलब्ध करवा सकते है हमें इस दिशा में काम करना चाहिए और सोचना चाहिए। उन्होंने विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को आदेश दिया कि वो ऐसी सभी स्किल्स को पता करें जिनकी मांग आज विदेशों में है या आने वाले समय में हो सकती है औऱ उनसे जुड़े कोर्स को अपने यहाँ करवाने की तैयारी करें। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने विदेश संपर्क विभाग को भी यह आदेश दिए कि वह इसके लिए विभिन्न देशों से तालमेल करके एक कार्ययोजना बनाए और एक कार्यक्रम शुरू करे जिससे हरियाणा के युवा विदेशों में जाकर काम कर सके। मुख्यमंत्री जी ने 1 महीने के अंदर अंदर इसकी रूपरेखा तैयार कर उनके समक्ष उसे पेश करने का आदेश भी दिया ताकि जल्द से जल्द इस पर काम शुरू किया जा सके। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने यह भी कहा कि हमारी योजना ऐसी होनी चाहिए जिसमें एक गरीब और समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी बाहर जाकर काम कर सके औऱ दलालों औऱ कबूतर बाजों के चुंगल में न आये। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इसके लिए जो कोई भी सहायता करनी होगी वो हरियाणा सरकार युवाओं को करेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ठ किया कि हरियाणा के 1 लाख युवाओं को विदेशों में रोजगार दिलवाने के लक्ष्य उन्होंने रखा है। इससे न केवल हरियाणा आगे बढ़ेगा बल्कि हरियाणा की संस्कृति और सभ्यता भी पूरी दुनियां तक पहुँचेगी।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## कैथल प्रवास
(दिनांक 26.02.22)

**विषय: कैथल प्रवास।**


**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने जिला प्रवास कार्यक्रम के तहत कैथल का दौरा किया। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी का कैथल की जनता ने तहे दिल से स्वागत किया और उनके प्रति अपना प्रेम और सम्मान भी प्रदर्शित किया। कैथल के इस दौरे पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने अनेक कार्यक्रमों में भाग लिया जिसमें सर्वप्रथम उन्होंने



ग्यारह रुद्री शिवमंदिर में चल रहे महारुद्र यज्ञ में शिरकत की और वहाँ चल रहे महारुद्र यज्ञ में आहुति डाली। उन्होंने कहा कि महारुद्र यज्ञ में शामिल होना सौभाग्य की बात है। इस मंदिर से मेरा पुराना नाता है और कई बार यहां पर प्रवास किया है। आज यहाँ आकर उन्हें अपने एक असीम शांति और ऊर्जा की अनुभूति हो रही है। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने जिला कैथल के गांव मूंदड़ी में बनने वाले श्री महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के स्थान का भी निरीक्षण किया और उसके कार्यो का जायज़ा लिया और कहा कि इस विश्वविद्यालय के बनने से प्रदेश भर के संस्कृत के विद्यार्थियों को लाभ होगा और प्राचीन संस्कृति को मजबूती मिलेगी।

इसके बाद माननीय मुख्यमंत्री जी ने बाबा बन्दा सिंह बहादुर की मूर्ति का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर ने मुगलों के अजेय होने के भ्रम को तोड़ा था।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने अमर शहीद मदन लाल धींगड़ा स्मारक पर बने नवनिर्मित दो मंजिले हॉल एवं आई डोनेशन बैंक का उद्घाटन किया। उसके बाद मुख्यमंत्री जी ने कैथल के विकास को गति देने वाले करोड़ो रुपए के प्रोजेक्ट का भी शुभारंभ किया जिसमें हाबड़ी में 11 करोड़ 10 लाख 50 हजार रुपये से बने इंटरनेशनल साईज सिंथैटिक हॉकी फील्ड ऑफ ग्लोबल कैटेगिरी, 5 करोड़ 23 लाख रुपये की लागत से सेरधा में निर्मित तथा 5 करोड़ 7 लाख रुपये से निर्मित पाबसर



# साप्ताहिक सूचना पत्र

के 33–33 केवी के सब स्टेशन के अलावा 1 करोड़ 90 लाख रुपये की धनराशि से निर्मित कोविड–19 पोर्टेबल 100 बिस्तर के अस्पताल का उद्‌घाटन किया। यह पोर्टेबल अस्पताल नागरिक अस्पताल परिसर में स्थापित किया गया है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गांव हाबड़ी में लगभग 4 एकड़ भूमि में कृत्रिम हॉकी मैदान बनाया है। इस स्थान पर 30 बच्चों के लिए हॉस्टल, किचन, मनोरंजन कक्ष, तथा चार दीवारी का निर्माण करवाया गया है। क्षेत्र के खिलाडियों को इस मैदान में अभ्यास के लिए सुविधा मिलेगी, जिससे खेल के क्षेत्र में इस इलाके के खिलाड़ी अपने साथ–साथ जिला व प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। जिला नागरिक अस्पताल में दि अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट के सहयोग से 100 बैड के पोर्टेबल अस्पताल की स्थापना की गई है। इस पोर्टेबल अस्पताल में आमजन को कोविड–19 के मद्देनजर बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं देने की व्यवस्था की गई है। Covid में बना यह हॉस्पिटल अब सामान्य परिस्थितियों में भी कैथल की जनता के काम आ रहा है। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कैथल की जनता से मिले प्यार और अभिवादन के लिए उनका ध्यानवाद और आभार व्यक्त किया और कहा कि कोरोना के कारण एक लंबे समय के बाद उन्हें कैथल आकर बहुत खुशी महसूस हो रही है।

पिछले 2 सालों से कोरोनो के चलते माननीय मुख्यमंत्री जी जिलों में नहीं जा पाए थे और लोगो से भी नहीं मिल पाए थे इसी के चलते कोरोना की सामान्य होती परिस्थितियों में मुख्यमंत्री जी ने दोबारा जिलों के प्रवास को शुरु कर दिया है जिसके तहत वह हरियाणा के सभी जिलों में जायँगे और लोगों तथा कार्यकताओं से भी मिलेंगे इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी का रात्रि प्रवास भी जिलों में ही होगा जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगो और कार्यकर्ता उनसे मुलाक़ात कर पायँगे।


## अर्बन डेवलोपमेन्ट कॉन्क्लेव

(दिनांक 26.02.22)




**विषय: अर्बन डेवलोपमेन्ट कॉन्क्लेव।**

**प्रभाव:** भविष्य के शहरों को ध्यान में रखकर आधुनिक शहरों की कार्ययोजना बनाने पर गुरुग्राम में चल रहीं 2 दिवसीय कार्यशाला में आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने शिरकत की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि घर हर जनमानस की आवष्यकता होता है और प्रत्येक परिवार का अपने घर से एक भावनात्मक लगाव भी होता है। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार अंत्योदय की भावना के साथ जनहित में कदम बढ़ा रही है और हर गरीब से गरीब



# साप्ताहिक सूचना पत्र

आदमी के स ʿपर भी छत हो हम इसी प्रयास में लगे है और हर गरीब को उसका आशियाना दिलवाकर रहेंगे। मुख्यमंत्री ने डेवेल्पर्स को प्रेरित करते हुए कहा कि आपके लिए भले ही बिल्डिंग निर्माण कार्य व्यवसाय है लेकिन बिल्डिंग में आशियाना लेने वाले परिवार आपके भवन को घर बनाते हैं जिससे उनका पारिवारिक जुड़ाव होता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरुग्राम में दो दिवसीय अर्बन डेवलपमेंट कॉन्क्लेव में डेवेल्पर्स व अलॉटी के बीच की समस्याओं के समाधान के लिए खुलकर चर्चा हुई है और अनेक सकारात्मक सुझाव सामने आने के चलते यह कॉन्क्लेव हर परिवार को बेहतर सुरक्षित आशियाना प्रदान करने में मील का पत्थर साबित होगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने यह भी घोषणा की कि कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेस वे के नजदीक सरकार ने 2.5 लाख हेक्टेयर में पांच बड़े शहर विकसित करने का लक्ष्य रखा है। प्रत्येक शहर के लिए कम से कम 50 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में शहर विकसित होंगे। इन शहरों में भविष्य की जरूरत के हिसाब से सुविधाएं भी मुहैया करवाई जाएंगी।


## भिवानी प्रवास

(दिनांक 27.02.22)



**विषय: भिवानी प्रवास।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने जिला प्रवास कार्यक्रम के तहत आज भिवानी जिले का दौरा किया इस दौरान मुख्यमंत्री जी जे भिवानी जिले में कई प्रोजेक्ट के उद्घाटन करने के साथ साथ अनेक कार्यक्रमों में भी शिरकत की। जिसके तहत मुख्यमंत्री जी भिवानी में आयोजित 38 वीं राज्य पशु प्रदर्शनी में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।



# साप्ताहिक सूचना पत्र





कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री जी ने खुली जीप में सवार होकर पशु प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा उसके बाद विजेता पशुओं के रैंप पर कैटवॉक का आनंद लिया। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने स्वयं भी मेले में ऊंट की सवारी की और जनता का अभिवादन किया।

इसके बाद माननीय मुख्यमंत्री जी आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के वार्षिक अलंकरण समारोह में शामिल हुए और साथ ही स्वर्ण जयंती द्वार तथा बोर्ड परिसर में बने 24 नए आवासीय मकानों का भी शिलान्यास किया साथ ही बहुउद्देश्यीय अटल सभागार की नींव भी रखी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि किसी भी संस्थान की ऊपरी पहचान तो उसके द्वार से होती है तथा बोर्ड का यह स्वर्ण जयंती द्वार भव्य एवं अनूठा है। बोर्ड में बनने वाले सभागारों से शिक्षा के साथ–साथ कला संस्कृति का भी विकास होगा। यह भी संयोग ही है कि भिवानी नगर जोकि छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध है में ही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का मुख्यालय है। उन्होंने कहा कि प्राचीन पद्धति के अनुसार शिक्षा का क्रम शिक्षा–परीक्षा–दीक्षा होना चाहिए, इसे लागू करने बारे सरकार विचार कर रही है क्योंकि यह पता लगाना अत्यन्त आवश्यक है कि व्यक्ति में शिक्षा प्राप्ति के पश्चात हुनर है या नहीं। इसके बाद मुख्यमंत्री जी ने किया राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में पहुँचकर वहाँ स्थापित की गई कल्पना चावला एस्ट्रोनॉमी लैब का शुभारंभ किया और बच्चों से विज्ञान से जुड़े सवालों पर चर्चा की और उनके द्वारा बनाये गए विज्ञान मॉडलों को भी देखा।

अपने प्रवास के दूसरे दिन सुबह माननीय मुख्यमंत्री जी ने भारत माता मंदिर में जाकर दर्शन किये और यज्ञ में आहुति डाल हरियाणा के सभी लोगो के लिए मंगलकामना की। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि भारत की संस्कृति विश्व में सबसे प्राचीन व समृद्ध संस्कृति है। इसे बचाए रखना और आगे बढ़ाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की तरक्की वहां की युवा शक्ति पर निर्भर करती है। राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का अहम योगदान होगा। उन्होंने कहा कि भिवानी में बनने जा रहा अखंड भारत माता मंदिर युवाओं की राष्ट्रीयता की भावना विकसित करेगा, जो सबसे जरूरी है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## यूक्रेन संकट से हरियाणा के नागरिकों को सुरक्षित लाना

(दिनांक 27.02.22)



**विषय: यूक्रेन संकट से हरियाणा के नागरिकों को सुरक्षित लाना।**

**प्रभाव:** यूक्रेन और रशिया के बीच चल रही वर्तमान युद्ध की परिस्थितियों के बीच हरियाणा सरकार अपने नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने का प्रयास कर रही है और इस संबंध में मुख्यमंत्री जी स्वयं केंद्र सरकार और संबंधित अधिकारियों से संपर्क बनाए हुए है। इसके संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यूक्रेन से सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षति लाना भारत सरकार की पहली प्राथमिकता बनी हुई है और इसके लिए वहाँ फंसे हरियाणा के विद्यार्थियों और नागरिकों के लिए हरियाणा सरकार भी सभी जरूरी क़दम उठा रही है।

मुख्यमंत्री जी ने वहाँ फंसे बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए दिल्ली में स्थापित नियंत्रण कक्ष के संपर्क विवरण के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली में स्थापित नियंत्रण कक्ष के फोन नंबर (+91 11 23012113), (+91 11 23014104), (+91 11 23017905) और 1800118797 (टोल फ्री) है तथा ईमेलः– situationroom@mea-gov-in है। यूक्रेन में भारतीय दूतावास में हेल्पलाइन के संपर्क विवरण के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने बताया कि यूक्रेन में दूतावास में स्थापित हैल्पलाईन का फोन नंबर (+380 997300428) तथा (+380 997300483) है और ईमेलः– consv-kyiv@mea-gov-in हैं। इसी के साथ मुख्यमंत्री जी ने बताया कि इसी तरह का नियंत्रण कक्ष हरियाणा में विदेश सहयोग विभाग के माध्यम से स्थापित किया गया है। भारत के लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर का संपर्क विवरण देते हुए कहा उन्होंने बताया कि फोन नंबर (+91 9212314595 (केवल व्हाट्सएप) और ईमेल contactusatfcd@gmail-com पर प्रश्नों और शिकायतों को लिया जाएगा।